भारत सरकार

संचार मंत्रालय

दूरसंचार विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 5045

उत्तर देने की तारीख 24 जुलाई, 2019

बिहार में संचार प्रणाली

5045. श्री पशुपति कुमार पारस:

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने बिहार के कुछ जिलों में संचार प्रणाली/नेटवर्क के संबंध में कोई मूल्यांकन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या बीएसएनएल बिहार के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में संतोषजनक सेवा प्रदान कर रहा है और यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या दरभंगा और हाजीपुर जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में दूरसंचार सेवा प्रदान की गई है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ड़) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

संचार, विधि और न्याय, तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री रविशंकर प्रसाद)

(क) भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण द्वारा सेवा गुणवत्ता की निगरानी की जाती है और तिमाही निष्पादन निगरानी रिपोर्टों के माध्यम से ट्राई द्वारा समय-समय पर जारी सेवा गुणवत्ता विनियमों के जरिए निर्धारित सेवा गुणवत्ता पैरामीटरों के बेंचमार्कों के संबंध में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के निष्पादन का आकलन किया जाता है। निष्पादन का मूल्यांकन समग्र क्षेत्र के लिए किया जाता है जिसमें ग्रामीण, पहाड़ी/दूरस्थ और जनजातीय क्षेत्र भी शामिल होते हैं। ट्राई द्वारा जारी निष्पादन निगरानी रिपोर्ट के अनुसार दूरसंचार सेवाएं (मोबाइल और इंटरनेट सेवाओं सहित) कमोबेश संतोषजनक हैं।

ट्राई द्वारा जारी की गई मार्च, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार ट्रैफिक की प्रमात्रा में तेजी से हुई वृद्धि और **अनुबंध-I** में यथा-वर्णित अधिक कड़े बेंचमार्कों के बावजूद बिहार लाइसेंस सेवा क्षेत्र में सभी दूरसंचार सेवा प्रदाता ट्राई के बेंचमार्कों का अनुपालन कर रहे हैं।

(ख) बीएसएनएल मोबाइल सेवाओं के माध्यम से 29064 गांवों में संतोषजनक दूरसंचार सेवाएं प्रदान कर रहा है। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण द्वारा सेवा गुणवत्ता की निगरानी की जाती है और तिमाही निष्पादन निगरानी रिपोर्टों के माध्यम से ट्राई द्वारा समय-समय पर जारी सेवा गुणवत्ता विनियमों के जरिए निर्धारित सेवा गुणवत्ता पैरामीटरों के बेंचमार्कों के संबंध में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के निष्पादन का आकलन किया जाता है। निष्पादन का मूल्यांकन समग्र क्षेत्र के लिए किया जाता है। ट्राई द्वारा जारी की गई मार्च, 2019 को समाप्त तिमाही की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार बीएसएनएल द्वारा प्रदान की जा रहीं दूरसंचार सेवाएं कमोबेश संतोषजनक हैं।

(ग) से (ङ) दूरसंचार सेवा प्रदाताओ की रिपोर्ट के अनुसार दरभंगा और हाजीपुर जिले के सभी गांवों में दूरसंचार सेवाएं प्रदान की गई हैं।

बिहार के सभी जिलों को शामिल करते हुए देश की सभी लगभग 2,50,000 ग्राम पंचायतों में ब्राडबैंड कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए भारतनेट परियोजना का कार्यान्वयन चरणबद्ध रूप में किया जा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत बिहार की लगभग 8446 ग्राम पंचायतों में से 6881 ग्राम पंचायतों को इंटरनेट से कनेक्ट किया जा चुका है। दिनांक 04.07.2019 की स्थिति के अनुसार 6216 ग्राम पंचायतों को सेवा के लिए तैयार कर दिया गया है।

बिहार के दरभंगा और हाजीपुर जिले में भारतनेट परियोजना की स्थिति निम्नानुसार है:

क्र. सं.	**जिले का नाम**	**कुल ग्राम पंचायतें**	**ग्राम पंचायतें जहां ओएफसी बिछाई जा चुकी**	**सेवा के लिए तैयार ग्राम पंचायतें**
1	**दरभंगा**	**336**	**323**	**221**
2	**हाजीपुर**	**305**	**285**	**282**

इसके अलावा, सरकार ने गुणवत्तापरक दूरसंचार सेवाओं की प्रदायगी के लिए अवसंरचना वृद्धि को सुसाध्य बनाने हेतु अनेक नीतिगत प्रयास किए हैं। इनमें स्पेक्ट्रम की ट्रेडिंग/शेयरिंग/स्पेक्ट्रम का उदारीकरण, सक्रिय और निष्क्रिय अवसंरचना की साझेदारी को अनुमति देने, मार्गाधिकार नियमावली, 2016 अधिसूचित करने, टावर संस्थापित करने के लिए सरकारी भूमि/भवनों को उपलब्ध करवाने आदि जैसे उपाय शामिल हैं।

अनुबंध-I

बिहार में संचार प्रणाली के बारे में माननीय संसद सदस्य श्री पशुपति कुमार पारस द्वारा पूछे गए लोक सभा के दिनांक 24 जुलाई, 2019 के अतारांकित प्रश्न सं. 5045 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबन्ध

सेलुलर मोबाइल सेवाओं के लिए सेवा गुणवत्ता पैरामीटर का निष्पादन

लाइसेंस सेवा क्षेत्र	**दूरसंचार सेवा प्रदाता**		**बीटीएस संचित डाऊन टाइम**	**काल सेट अप सक्सेस दर**	**ट्रैफिक चैनल कंजेशन**	**ड्राप कॉल दर स्थानिक वितरण उपाय**	**ड्राप कॉल दर अस्थाई वितरण उपाय**
	बेंचमार्क		**≤ 2%**	**≥ 95%**	**≤ 2%**	**≤ 2%**	**≤ 3%**
बिहार	एयरटेल		0.31	97.86	1.29	1.77	1.88
	बीएसएनएल		1.89	95.66	0.50	1.89	2.40
	आर जियो		0.13	99.40	0.01	0.57	0.74
	टाटा		0.23	97.30	0.00	0.00	0.00
	वीआईएल	आइडिया	0.58	98.28	1.95	1.55	2.17
		वोडाफोन	0.58	98.28	1.95	1.55	2.17

****